# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–19.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1 **रांची के नामकुम आर्मी ग्राउंड में एयर शो के दौरान वायुसेना के जांबाजों ने दिखाये करतब, कल भी एयर शो के दौरान दिखेगा वायुसेना का शौर्य।**

2 **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में निवेश को लेकर पहुंचे स्पेन, औद्योगिक समूहों के साथ करेंगे बातचीत, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने राज्य में गिरती कानून व्यवस्था पर जताई चिंता।**

3 **नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने नेता प्रतिपक्ष को मंत्री हफीजुल हसन मामले में कोर्ट जाने की दी नसीहत, बाबूलाल मरांडी ने कहा– कोर्ट नहीं जनता की अदालत में होगा फैसला।**

4 **स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने गिरिडीह में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा की, तीन सौ करोड़ रुपये खर्च कर सदर अस्पताल का होगा पुनर्निर्माण।**

5 **चाईबासा में चल रही अंतर जिला महिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में रांची ने मेजबान पश्चिमी सिंहभूम को हराकर जीता चैंपियनशिप का खिताब।**

**********************

झारखंड की राजधानी रांची में पहली बार भारतीय वायुसेना के एयर शो का नजारा देखने को मिला। आज नामकुम के खोजाटोली आर्मी ग्राउंड में इस शानदार शो का आयोजन हुआ। जहां भारत के जांबाज अपने–अपने एयर शो का करतब दिखाते नजर आए. कल भी वायु सेना के जांबाज सुबह नौ बजे से करतब दिखाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद रहे। डीसी ने निर्देश दिया है कि आगंतुक और दर्शक अपने साथ किसी भी तरह का खाद्य पदार्थ लेकर नहीं आएं क्योंकि पक्षियों के आकर्षित होने से एयर शो में खलल पड़ सकती है।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड और स्पेनिश उद्यमों के बीच औद्योगिक और उर्जा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए आज से स्पेन दौरे पर हैं। झारखंड का प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन में औद्योगिक समूहों से बातचीत करेगा।

**********************

फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने झारखंड में गिरती विधि व्यवस्था पर चिंता जताई है। फेडरेशन के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के अलग–अलग जिलों से आपराधिक वारदात की खबरें लगातार आ रही हैं।

**साउंड बाइट – आदित्य मल्होत्रा, रांची (लो एंड ऑर्डर) – 25 सेकेंड**

**********************

राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने मंत्री हफीजुल हसन मामले में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को कोर्ट जाने की नसीहत दी है।

राज्य के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान को लेकर विवादित बयान के खिलाफ बर्खास्तगी की मांग को लेकर गिरिडीह भाजपा ने आज समाहरणालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मंत्री की बर्खास्तगी तक भाजपा आंदोलन करेगी। श्री मरांडी ने कहा कि कोर्ट नहीं जनता की अदालत में फैसला होगा।

**********************

जदयू विधायक सरयू राय ने मुर्शिदाबाद में हिंसा के खिलाफ पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

**********************

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित हज यात्रा 2025 के दौरान भारतीय हज यात्रियों को बेहत्तर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चिकित्सको की अस्थायी प्रतिनियुक्ति की जा रही है। इसी क्रम में झारखण्ड से रामगढ़ सदर अस्पताल के डॉ नसीम अहमद का चयन चिकित्सा दल के लिए किया गया है।

**********************

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह सदर अस्पताल में ब्लड सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री इरफान अंसारी ने गिरिडीह को मेडिकल कॉलेज सहित कई सौगात देने की घोषणा की।

**************************

गिरिडीह समाहरणालय में आज पोषण पखवाड़ा के तहत पोषण कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया। उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि इसमें जिले की सेविकाओं ने आहार का स्टॉल लगाया।

**************************

पोषण पखवाड़ा के पूर्वा सिंहभूम समाहरणालय में जिला समाज कल्याण शाखा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर सेविका एवं सहायिका द्वारा फूड स्टॉल लगाकर पोषक आहार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समेत अन्य शामिल हुए।

**************************

**संक्षिप्त खबरें–**

- राज्य के राजस्व– भूमि सुधार, निबंधन एवं परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा ने आज चाईबासा में जॉगर्स पार्क का उद्घाटन किया।
- चाईबासा में विश्व हिंदू परिषद की ओर से पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के विरोध में आज विरोध प्रदर्शन किया गया।
- पूर्वी सिंहभूम जिले के ओलिडीह थाना क्षेत्र में ननकु लाल नामक एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। उसका शव खेत से बरामद किया गया है।

**************************

चाईबासा में चल रही अंतर जिला महिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रांची ने मेजबान पश्चिमी सिंहभूम को हराकर चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ और पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला आज चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया।

***********समाप्त***********